**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक :22.07.2025 समय : 07.10pm**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा पर।
- राज्य मंत्रिपरिषद ने डाटा सुदृढ़ीकरण योजना को दी मंजूरी।
- प्रदेश में बच्चों के स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दस्तक अभियान की हुई शुरूआत।
- प्रदेश में एक बार फिर बारिश का सिलसिला होगा शुरू, मौसम विभाग ने अगले चार दिन भारी बारिश का अलर्ट किया जारी।

**अब समाचार विस्तार से:—**

**प्रधानमंत्री विदेश दौरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल ब्रिटेन की यात्रा पर जा रहे हैं। दो दिन की इस यात्रा के दौरान, वे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ चर्चा करेंगे और किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी भारत और ब्रिटेन के दिग्गज कारोबारियों से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह श्री मोदी की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू के निमंत्रण पर शुक्रवार से शनिवार तक मालदीव की राजकीय यात्रा करेंगे। विदेश सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री शनिवार को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में 'मुख्य अतिथि' होंगे।

**संसद कार्यवाही स्थगित**

संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के हंगामे के कारण आज कार्यवाही बाधित रही। दोनों सदनों की कार्यवाही निर्धारित समय से पहले ही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी दल ऑपरेशन सिंदूर, बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण पहल और अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे थे। लोकसभा में सभापति ने आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों पर चर्चा होगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने व्यवधान की निंदा करते हुए विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे चर्चा नहीं चाहते।

**बाईट- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू**

राज्यसभा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब विपक्षी दलों ने बिहार में विशेष गहन समीक्षा और ऑपरेशन सिंदूर सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर सदन में विरोध प्रदर्शन किया। कई बार कार्यवाई स्थगित किए जाने के बाद सभापति को सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज भोपाल में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत सांख्यिकी संबंधी आंकड़ों का समयावधि में डेटा कलेक्शन और विश्लेषण कर "डाटा सुदृढ़ीकरण योजना" की स्वीकृति प्रदान की गयी। निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इस योजना से सरकार को डेटा के आधार पर बेहतर और सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत संचालित गांधीसागर और राणाप्रताप सागर जल विद्युत गृह के नवीनीकरण के लिए प्रदेश द्वारा देय राशि मंत्रि-परिषद ने उज्जैन के विक्रमोत्सव व्यापार मेला और ग्वालियर व्यापार मेला में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान कर में 50% छूट प्रदान करने का निर्णय लेते हुए परिवहन विभाग की अधिसूचना का अनुसमर्थन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को प्रदेश में उर्वरकों की कमी नहीं आने देने के लिए अपने प्रभार वाले जिलों में नजर रखने को कहा है।

**राष्ट्रीय परामर्श**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत सरकार, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तांत्रिक संस्थान एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में होटल मैरिएट भोपाल में किशोर मानसिक स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय परामर्श का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य वर्तमान दौर में किशोर युवाओं में बढ़ते तनाव के कारण बिगड़ते मानसिक स्वास्थ और उन पर पड़ने वाले प्रभाव पर नियंत्रण एवं रोकथाम को सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में पैनल डिस्कशन भी आयोजित हुआ। जिसमें दिल्ली से पधारी नौमिका खन्ना नैदानिक, परामर्श,

बाल मनोविज्ञान एवं विभिन्न क्षेत्रों के परामर्श वॉलंटियर्स ने किशोर मानसिक असंतुलन के संदर्भ में विचार साझा किये।

**दस्तक अभियान**

प्रदेश में दस्तक अभियान का प्रथम चरण आज से शुरू हो गया है। यह अभियान 16 सितंबर तक चलेगा। अभियान में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों की जांच की जाएगी। पांच साल तक के बच्चों में निमोनिया, गंभीर कुपोषण, एनीमिया और दस्त रोग की पहचान की जाएगी। **सीहोर** के जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन का शुभारम्भ किया गया। **खंडवा** में दस्तक अभियान का शुभारंभ आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर किया गया। **श्योपुर, अशोकनगर, गुना** जिला अस्पताल में बच्चों को विटामिन ए की पूरक दवा पिलाकर दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया।

नशामुक्ति अभियान

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश में नशामुक्ति के लिए नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में कोतवाली भोपाल के एसीपी चंद्रशेखर पांडे ने आकाशवाणी के साथ चर्चा में कहा कि यह अभियान बहुआयामी है और अपराध रोकने में सहयोगी है।
यह पूरा विशेष साक्षात्कार कल सुबह साढ़े नौ बजे आकाशवाणी भोपाल के प्रायमरी चैनल पर कार्यक्रम प्रदेश की सुर्खियों में सुना जा सकता है।

**बाढ़ राहत**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज भोपाल में वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से अतिवृष्टि एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। इसमें प्रभावित जिलों के कलेक्टर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। गुना कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जिलों में 15 जून से 22 जुलाई तक बाढ़, आकाशीय बिजली, मकान क्षतिग्रस्त, पशु हानि, जनहानि की घटना के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहानि से प्रभावित लोगों को

प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा, जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों को राहत राशि वितरण किए जाने के निर्देश दिए।

**मौसम**

प्रदेश में एक बार फिर बारिश सिलसिला शुरू होने जा रहा है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए जबलपुर समेत 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके पहले कल रात भोपाल इंदौर में बारिश हुई। आज भी भोपाल के कुछ हिस्सों में पानी गिर रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अगले चार दिन तक भारी बारिश का दौर रहने वाला है। वहीं, मानसून ट्रफ लाइन भी एक्टिव है। दूसरी ओर, 24 जुलाई से बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर एरिया सक्रिय हो रहा है। इसका असर भी प्रदेश में देखने को मिलेगा। इस बीच प्रदेश में अब तक औसत 20.7 इंच बारिश हो चुकी है। तीन जिले- निवाड़ी, टीकमगढ़ और श्योपुर में तो कोटा पूरा हो चुका है। इन जिलों में सामान्य से 15 प्रतिशत तक ज्यादा पानी गिर चुका है। वहीं इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, बुरहानपुर और आगर-मालवा में 10 इंच से भी कम पानी गिरा है।

**समाचार संक्षेप में** .....

- उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में उद्यानिकी फसल मार्केटिंग सलाहकार बोर्ड की बैठक कल मंत्रालय में होगी।
- धार जिले के मांडव में चल रहे मध्यप्रदेश कांग्रेस के दो दिवसीय नव संकल्प शिविर का आज समापन हुआ। पूरे शिविर को लेकर मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मीडिया को संबोधित किया।
- झाबुआ जिले में पशुपालन विभाग द्वारा खुरपका-मुंहपका बीमारी के रोकथाम हेतु टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गौशाला में टीकाकरण किया गया।

-------------------------------